9TH STD    Hindi (L-2)  worksheet       date: 21/2/2024

Unseen passage

भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनज़र फ़सलों की अधिक पैदावार ज़रूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज़्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं।

दो दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैंस खूटों से बँधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चैत-बैसाख में गेहूँ की फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी।

प्रश्नः 1.
हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था?
प्रश्नः 2.
खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका प्रयोग सही नहीं था?
प्रश्नः 3.
विशेषज्ञ हरित क्रांति की सफलता के लिए क्या आवश्यक मानने लगे और क्यों?
प्रश्नः 4.
हरित क्रांति ने किसानों को परंपरागत कृषि से किस तरह दूर कर दिया?
प्रश्नः 5.
हरित क्रांति का मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर क्या असर हुआ? इसे समाप्त करने के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहिए

(मुहावरे का अर्थ लिखो

1) आँख का तारा,
2) दीवारों के कान होना
3) तिनके का सहारा
4) आसमान पर चढाना
5) बहुत शोर करना
6) लाल–पीला होना

( समास )

1. इन में से कौन सा अव्ययीभाव पद है   A) गृहागत   B) आचारकुशल   C) प्रतिदिन   D) कुमारी
2. गजानन में कौन सा समास है   A) द्वंद्व   B) बहूव्रीहि   C) तत्पुरुष   D) कर्मधारय
3.वनगमन में कौन सा समास है   A) बहूव्रीहि   B) द्विगु   C) तत्पुरुष   D) कर्मधारय
**4. पंचतंत्र में कौन सा समास है**   A) कर्मधारय   B) बहूव्रीहि   C) द्विगु   D) द्वंद्व
5. **देशभक्ति कौन सा समास है**   A) द्विगु   B) तत्पुरुष   C) द्वंद्व   D) बहूव्रीहि
**6.त्रिलोचन में कौन सा समास है**   A) अव्ययीभाव   B) कर्मधारय   C) बहूव्रीहि   D) इनमे से कोई नहीं

**रचना के आधार पर वाक्य**

**प्रश्न 1 – 'आप घर जाएँगें या पार्क जाएँगे।' वाक्य संबंधित है-**

(क) संयुक्त वाक्य से

(ख) सरल वाक्य से

(ग) मिश्र वाक्य से

(घ) प्रश्न वाक्य से

**प्रश्न 2 – 'राम आया; सब प्रसन्न हो गए।' वाक्य का संयुक्त वाक्य रूपांतरण है-**

(क) राम आया और सब प्रसन्न हो गए।

(ख) जैसे ही राम आया सभी प्रसन्न हो गए।

(ग) राम के आते ही सभी प्रसन्न हो गए।

(घ) उपरोक्त कोई नहीं

**प्रश्न 3 – 'ममता आई और चली गई। वाक्य का सरल रूप निम्न विकल्पों से चुनें-**

(क) जैसे ही ममता आई वह चली गई।

(ख) ममता आई और गई।

(ग) ममता आकर चली गई।

(घ) ममता आई और खड़े-खड़े चली गई।

**प्रश्न 4 – 'कमाने वाला खाएगा।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूप होगा-**

(क) कमाने वाला ही खाता है।

(ख) कमाने वाला ही खाएगा।

(ग) जैसे ही वह कमाएगा तबसे खाएगा।

(घ) जो कमाएगा वह खाएगा।

**प्रश्न 5 – 'राधा दौड़कर मेरे पास आई।' वाक्य का संयुक्त रूप है-**

(क) राधा दौड़ी और मेरे पास आई।

(ख) राधा तेजी से दौड़कर मेरे पास आयेगी।

(ग) राधा जल्दी-जल्दी दौड़ी एवं मेरे पास आई।

(घ) राधा जैसे ही दौड़ी मेरे पास आ आई।